तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 17 अगस्त 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

10 कोलकाता की घटना पर डॉक्टर हुए एकजुट

12 खुले में घूम रहे मवेशी, बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

आवेदन की अंतिम तिथि 24/08/2024

फायर सेफ्टी के कोर्स

- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी

(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

Advt.

2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482
81030 45003
98062 87706

Website : ssscn.ac.in

खबर संक्षेप

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी आरोप में पड़ोसी गिरफ्तार

पलारी। पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पुरानी रंजिश पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 14 अगस्त को पलारी के ग्राम बलौदी में एक महिला की जघन्य हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने तत्काल ही मामले में एक संदेही को गिरफ्तार किया था। संदेही व्यक्ति से कड़ाई से पुछताछ करने पर पुराने विवाद को लेकर हत्या करने की बात स्वीकार की। मामले में 14 अगस्त को सूचक लेखराम 48 वर्ष निवासी ग्राम बलौदी द्वारा थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सुबह लगभग 09 बजे मैं अपनी बहू के साथ खेत में काम करने गया था तथा मेरा बेटा भी खेत की रखवाली के लिए बाहर था। मेरी पत्नी जानकी बाई एवं मेरी एक वर्षीय नातिन घर में थे। दोपहर करीबन 1 बजे मेरा भतीजा फोन कर बताया की चाची जानकीबाई घर के अंदर कोठा में रखे कोठना में चित अवस्था में पड़ी है। सूचना पाकर मैं तुरंत घर पहुंचा, जहां जानकी बाई मृत अवस्था में पड़ी थी तथा नातिन रो रही थी। रिपोर्ट पर थाना पलारी में मर्ग जांच पंजीबद्ध कर जांच पतासाजी में लिया गया। सूचना पाकर थाना पलारी का पुलिस बल तत्काल घटना स्थल ग्राम बलौदी पहुंची। साथ ही एफएसएल टीम के माध्यम से भी घटना स्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। घटना स्थल में घर के कोठा में स्थित पत्थर का कोठना में मृतिका जानकी बाई 45 मृत अवस्था में पड़ा था। उसका सिर कोठाना अंदर पानी में डूबा था, सिर में चोट के निशान थे। साथ ही गले में साड़ी का पल्लू भी कसा हुआ था। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी से पूछताछ पर उसके द्वारा शेष पेज 10 पर

स्वतंत्रता दिवस : छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, मल्लखंब का प्रदर्शन रहा आकर्षण का केंद्र

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

स्वतंत्रता दिवस जिले में हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय पं. चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तिरंगा फहराया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य–योजनाओं की जानकारी दी। श्री जायसवाल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने शासकीय योजनाओं में बेहतरीन कार्यों के लिए तीन दर्जन शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन वर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, सनम जागड़े, पूर्व नपाध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट गाईड प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिले में पहली बार मल्लखंब का प्रदर्शन किया गया जो प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया, जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना, एनसीसी की एक एक टुकड़ियों, स्काउट गाइड की दो-दो टुकड़ियां एवं रेडक्रॉस की एक टुकड़ी ने झण्डे एवं अतिथि को सलामी दी। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर एवं डीआईसी सब इंस्पेक्टर किशुन कुंभकार ने किया।

बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 46 अधिकारी–कर्मचारी हुए सम्मानित

करीब 46 अधिकारी–कर्मचारी सम्मानित

जिला प्रशासन की ओर से पूर्व खाद्य अधिकारी विमल दुबे, खनिज विभाग के निरीक्षक भूपेन्द्र भक्त, राजस्व विभाग स्टेनोटायपिस्ट लक्ष्मी देशमुख राय, कोटवार संजय कुमार मानिकपुरी, स्वाथ्य विभाग प्रभारी एसएनसीयू नर्सिंग ऑफिसर प्रमिला कांत, समस्त टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दामाखेड़ा, कृषि विभाग ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी कुमार साहू, कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगत सिंह राजपूत के अलावा अन्य शासकीय विभागों के चयनित अधिकारी कर्मचार शामिल थे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा को भी सम्मानित किया गया।

आसमान में उड़ाये रंगीन गुब्बारे

समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। मुख्य अतिथि ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, शहीद उपनिरीक्षक विवेक शुक्ला, युगल किशोर वर्मा, ट्रेड आर नंदकुमार साहू, आर हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार, टेकराम वर्मा के परिजनों का श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया।

जिले में पहली बार मल्लखंब का हुआ प्रदर्शन, रहा प्रमुख आकर्षण का केंद्र

जिले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही पहली बार मल्लखंब का प्रदर्शन किया गया, जो की विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मल्लखंब भारत की प्राचीन खेल विधा है जिसे योग, जिम्नास्टिक, एरोबिक्स के आयामों के साथ खेला जाता है। मास्टर ट्रेनर के रूप में आएं कोच पुष्कर दिनकर राष्ट्रीय स्तर के निर्णायक और कोच हैं। प्रदर्शन में जिले के स्थानीय खिलाड़ी भी हिस्सा लेते हुए अपना जौहर दिखाया है।

हमें गांधीजी के स्वराज, अहिंसा के मार्ग पर चलना होगा

बलौदाबाजार। श्री रायपुर सीमेंट प्लांट के आवासीय परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान एवं मार्चपास्ट प्रस्तुत कर राष्ट्रीय ध्वज व मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कंपनी के कर्मचारी, श्रमिक, यूनियन पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

समारोह में मुख्य अतिथि क्लस्टर हेड मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए लोगों से अपने समाज और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण बनाए रखने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधीजी के स्वराज, अहिंसा, सर्वोदय व आर्थिक मूल्यों के मार्ग पर चलना है। संस्थान को सहयोग प्रदान करने हेतु उन्होंने शासन–प्रशासन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं यूनियन पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने संस्थान के क्षमता विस्तार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी साझा किया और कहा की हम सभी को पूरी लगन व मेहनत के साथ काम करते हुए क्षमता विस्तार के लक्ष्य को प्राप्त करना होगा। उन्होंने पूर्ण विश्वास के साथ कहा कि शीर्ष प्रबंधन के मार्गदर्शन में हम सभी को एकजुट होकर कार्य करें तो कंपनी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। समारोह में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों में विजय अग्रवाल, अक्षय जैन, मनोज जैन, अनिल कुमार पाठक, अमित चौहान, राजेंद्र सिंह सोडा, डॉक्टर संतोष कुमार,विमल झा, शेष पेज 10 पर

- स्वतंत्रता दिवस पर अतिथियों ने महात्मा गांधी की उपलब्धि गिनाई

स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

कसडोल। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक एसके मिश्रा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीचंद्र दुबे, प्राचार्य जयलाल मिश्रा भी उपस्थित थे। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस कन्या भारती प्रमुख अन्नपूर्णा शुक्ला, उमा कर्ष एवं बालिका शिक्षा प्रमुख वर्षा साहू के मार्गदर्शन में सावन झूला उत्सव, प्रह्लाद यादव के

निर्देशन में कांवड़ यात्रा एवं विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित राखी का स्टाल लगाया गया। सावन झूला उत्सव में लगभग 100 अभिभावक माताएं उपस्थित होकर झूला उत्सव का आनंद लिए तथा राखी स्टाल से राखियां खरीदी कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा थे। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली लक्ष्मी साहू, हेमंत भास्कर, भावना साहू एवं नीलम केवट शेष पेज 10 पर

सेवानिवृत्त शिक्षक ने किया ध्वजारोहण

पलारी। नगर के वार्ड 11 में स्वतंत्रता दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। देश को स्वतंत्र कराने वाले सेनानियों के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि कर उन्हें नमन किया गया। पश्चात सेवानिवृत्त हुए शिक्षक लेखराम नायक का सम्मान किया गया तथा उनके द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पार्षद गोपी साहू ने कहा कि देश की आजादी के खातिर बलिदान देने वाले महापुरुषों को याद करते हुए उनके कुर्बानियों के कारण ही आज हम एकजुट होकर स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर वार्डवासी उपस्थित थे।

स्वयंसेवकों ने तिरंगे को दी सलामी

बगबुडा। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतान(ख) लवन में स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कंशराम निषाद, चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सलामी दी। सलामी के बाद शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। स्वयं सेवकों ने प्रभात फेरी निकाली जगह जगह प्रभात फेरी को रोककर गांव के महिलाओं, बुर्जुगों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की आरती उतारी गयी। रैली में छात्र एवं छात्राओं में जोश था। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मिठाई वितरण भी की गई।

मुंडा में जगह–जगह हुआ ध्वजारोहण

मुंडा। ग्राम मुंडा में स्वतंत्रता दिवस पर ग्राम पंचायत भवन में सरपंच सुमित्र संतोष वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा धान उपार्जन केंद्र में सोसाइटी अध्यक्ष मनोनीत गजेंद्र वर्मा मिडिल स्कूल में पूर्व सरपंच कृत राम वर्मा, स्वास्थ्य केंद्र में संतोष वर्मा, आंगनबाड़ी केंद्र में पंचों द्वारा व सभी बरदा पुलिया के पास राजेंद्र प्रसाद पांडे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसमें सम्मिलित मिडिल स्कूल विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश रजक, उपाध्यक्ष रामखेलावन वर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष सुमेर वर्मा, शिक्षाविद जागेश्वर वर्मा, प्रधान पाठक ममता चौहान, शिक्षिका अंजू साहू, जयसवाल मैडम, सचिव सरोजिनी पैकरा, पंच प्रवीण पांडे, दिलीप वर्मा, गोवर्धन वर्मा, दुकालू मानिकपुरी, धान खरीदी केंद्र समिति प्रबंधक शेखर साहू, गीता राम वर्मा, दशरथ वर्मा, गोवर्धन वर्मा, धनेश साहू, बलभद्र साहू, नारायण वर्मा, खोल बाहर वर्मा, मनीराम, बसंत वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री वर्मा, संध्या पांडे, सहायिका चंद्राबाई वर्मा, मितानिन सरोजिनी विश्वकर्मा, संतोषी बाई वर्मा व ग्रामवासी सम्मिलित थे।

रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय में नारे बाजी कर प्रदर्शन किया

कांग्रेसियों ने एसडीएम कार्यालय में बांधी गाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस कमेटी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, शहर बलौदाबाजार ने गौ सत्याग्रह कर गार्डन चौक से एसडीएम कार्यालय तक गायों को लेकर रैली निकाली और एसडीएम कार्यालय में नारे बाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा एसडीएम कार्यालय में गायों को बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा की भाजपा सरकार गोधन न्याय योजना गौठान को बंद कर गोवंशीय पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने के लिए छोड़ दी है। प्रदेशभर में हो रही गायों की मौत तथा खुले मवेशियों के कारण सड़कों में दुर्घटना बढ़ रही है।

सड़क दुर्घटनाएं प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है। जहां किसान खुली चराई से परेशान है। वहीं भाजपा सरकार गाय भैसों के साथ जनता को बेमौत मरने के लिए मजबूर कर रही है। अभी एक महीने में ही बलौदाबाजार जिले के पलारी और लवन ब्लॉक में दर्जनों गायों की भयावह मौत शासन प्रशासन की नाकामी को दर्शाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गोवंशीय पशुओं की सुरक्षा व फसलों की सुरक्षा हेतु गांव गांव में गौठान बनाये गये थे, जिसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। गौठान को प्रारंभ कर पशुओं को रखे जाने पर पशुओं की मौत व दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। उक्त अवसर पर शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेंद्र शर्मा, जनक राम वर्मा, दिनेश यदु, विक्रम गिरी, रूपेश ठाकुर, मोती वर्मा, तुलसी वर्मा, संतोष तिवारी, अनिल साहू, आर्यन शुक्ला, लखेश साहू, दीपक साहू, कलिंद्री वर्मा, रोहित साहू, मनोज प्रजापति, गौतम ठेठवार, गोविंद पात्रे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कांग्रेस ने किया गौ सत्याग्रह

लवन। प्रदेश में गोधन न्याय योजना को बंद करने के खिलाफ गोवंशीय पशुओं की सड़क पर हो रही मौतों के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन द्वारा गौ सत्याग्रह किया गया, इसके तहत खुले में घूम रहे मवेशी पशुओं गाय, बैल, भैसा को साथ लेकर तहसील कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में रोड में घूम रहे मवेशियों को तहसील कार्यालय लवन तक ले जाकर बाहर घूम रहें मवेशियों का संरक्षण नहीं किये जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुये उचित व्यवस्था कराने मांग की। सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उक्त आंदोलन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुरुदयाल यादव, मृत्युंजय पाण्डेय, रामचंद्र पटेल, देवीलाल बार्वे, मृत्युंजय वर्मा, अमर मिश्रा, मोती लाल, अमित, मंथीर यदु, अंकित, मुरारी, विनोद अनंत, कोमल, धनकुमार अवधेलिया, बनऊ, महादेव कोशले, बीरेंद्र बहादुर कुर्रे, प्रवीण टंडन, अजय बार्वे आदि कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

- गोठान बंद करने का विरोध, प्रदेश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

पलारी। ग्राम साराडीह और सेम्हराडीह मार्ग पर एक प्रेमी युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के शव के साथ ही 3 पेज का सुसाइड नोट भी मिला है। घटना की जानकारी पर आसपास ग्रामीणों का जमघट लग गया। पुलिस के अनुसार ग्राम चमारी थाना मुंगेली निवासी संदीप खांडे 24 ने सेमहराडीह गांव मुख्य मार्ग खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से तीन पेज की सुसाइड नोट मिला है। उसमें प्रेम प्रसंग की वजह से जान देने की बात लिखी है। आत्महत्या का कारण सुसाइड नोट में युवक ने अपने प्यार में धोखा पाना बताया है। सुहेला पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद युवक के शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

सच्चा ज्ञान ही मोक्ष का मूल आधार है



खरोरा। ग्राम कुम्हारी में हो रहे शिव महापुराण कथा में कथा वाचक उपेंद्र शर्मा ने शिव गीता का प्रवचन किया। उन्होंने बताया गया कि जिस प्रकार भागवत गीता में कृष्णजी अर्जुन को ज्ञान दिए, उसी प्रकार शिव गीता में स्वयं पर ब्रम्ह परमेश्वर भोलेनाथ रामजी को ज्ञान देते हैं। प्रसंगवत पंडित ने बताया की जब तक जीव को आत्म बोध नहीं होगा और वह निस्काम भाव से जीना नहीं सीखेगा तब तक उसे मोछ की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन्होंने कहा की सच्चा ज्ञान ही मोक्ष का मूल आधार है। ज्ञान के माध्यम से ही पार ब्रम्ह शिव को भली भाती जाना जा सकता है। जिनकी पूजा आज भी शिवजी के साथ होती है। इसमें नंदी, कीर्तिमुख, बानासुर जैसे भक्तों का नाम आता है। आज कथा का अंतिम दिवस होने के कारण हवन सहस्त्रधारा आदि का कार्य संपन्न हुआ। मुख्य यजमान के में बसंत अनुसुइया टिकरिहा तथा उनके परिवार और ग्रामीणजनों के साथ बाहर से आए शिव भक्तों ने पुण्य लाभ उठाया।

हाई स्कूल की छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

खरोरा। विकासखंड तिल्दा-नेवरा अंतर्गत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठिया नंबर 1 में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवमीं कक्षा की बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई। शासकीय हाई स्कूल कठिया नं. 1 के प्राचार्य जीपी वर्मा द्वारा कक्षा नवमी की बालिकाओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण किया, तब उनकी चेहरे पर खुशी की रौनक देखीं गई। तुलसी वर्मा, आंचल वर्मा, मिनाक्षी टंडन, लीना, दुर्गेशवरी ध्रुव, सुषमा निषाद, प्रतिज्ञा टिकरिहा, लक्ष्मी साहू, रामेश्वरी, मानसी, लक्ष्मी धीवर, नीतू, भूमिका इन सभी छात्राओं के मन में उत्साह था।

घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा के तहत हुआ आयोजन

खेलो इंडिया के खिलाड़ियों ने नगर में निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

घर-घर तिरंगा हर घर तिरंगा के तहत कसडोल नगर में खेलो इंडिया के खिलाड़ियों ने नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा हाई स्कूल से निकल कर नगर के प्रमुख चौक चौराहों को होते हुए हाईस्कूल मैदान पहुंची। तिरंगा यात्रा के दौरान खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न खेलो का भी प्रदर्शन किया गया और नगर के पालकों से बच्चों को खेलों के प्रति रुझान बनाने का भी आह्वान किया। तिरंगा यात्रा में अतिथि के रूप में एसआर नायक सब इंस्पेक्टर थाना कसडोल, संतोष वर्मा प्राचार्य आत्मानंद विद्यालय, पुनेश्वर नाथ मिश्रा, अध्यक्ष मिनीमाता शासकीय कन्या विद्यालय कसडोल आलोक मिश्रा खेल प्रशिक्षक तथा सुश्री खातून बी बक्स खेल प्रशिक्षक कुलदीपक कश्यप उपस्तिथ थे। यात्रा के पश्चात पौधारोपण भी किया गया। अपने वन्तव्य में आलोक मिश्रा ने बताया कि खेल ही ऐसा प्रतिभा है, जो किसी व्यक्ति को दूसरे देशों में भी अपने देश का झंडा लहराने की हिम्मत देता है। इसी प्रकार पुनेश्वर नाथ मिश्रा ने खिलाड़ियों को सफल आयोजन की बधाई देते हुए इस प्रकार के आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

तिरंगा यात्रा के दौरान खिलाड़ी हाथों में तिरंगा लेकर निकले इसी के साथ इस यात्रा में खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति, स्वच्छता और खेलो के प्रति नगर के लोगो का रुझान बढ़े इसे लेकर भी खेल प्रदर्शन किया गया जो नगरवासियों को अपनी ओर आर्कषित किया नगर में इस यात्रा को काफी सराहा गया। इस मौके पर राघवेंद्र राव, शैलेन्द्र राव, मनोज पात्रे, राजकुमार कैवर्त, संजीव ध्रुव, दिनेश्वर राव, अंशु साहू, निशु यादव सहित सैकड़ों खिलाड़ी मौजूद थे।

कम्प्यूटर संस्थान में फहराया गया तिरंगा

कसडोल। स्वतंत्रता दिवस पर सीजी रमन यूनिवर्सिटी की शाखा सर्वा में झंडा रोहण किया गया। इस दौरान सभी छात्र शिक्षक मौजूद रहे। संस्थान में ध्वजारोहण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य नागेश साहू ने तिरंगा फहराया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर छात्रों द्वारा रैली का भी आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के तमाम छात्र और शिक्षक मौजूद थे।

जिला स्तरीय स्पर्धा के लिए चुने गए खिलाड़ी

भाटापारा। गजानंद महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय खेल के लिए भाटापारा के सभी स्कूलों के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।शासकीय गजानंद स्नाकोत्तर महाविद्यालय में विकासखंड स्तरीय खेलों का आयोजन हुआ, जहां कराते खेल में विकासखण्ड स्तरीय खेलने के लिए भाटापारा के अलग-अलग स्कूलों के कक्षा छठवीं से 12वीं तक के 90 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें मॉडर्न इंग्लिश मीडियम स्कूल, गुरुकुल स्कूल, पंचम दीवान, नगर पालिका बालिका स्कूल, डीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल, मयूर क्लब भाटापारा, स्वामी आत्मानंद स्कूल, आधारशिला, शिवलाल मेहता एवं विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अन्य स्कूलों से भी बच्चों ने हिस्सा लिया। कराते में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों का जिला स्तर के लिए चयन हुआ। चयनित खिलाड़ी 16 अगस्त को होने वाले जिला स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता में भाटापारा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उक्त प्रतियोगिता विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विकासखंड के व्यायाम शिक्षकों के साथ-साथ जिला कराते संघ सचिव ऋषभ सिंह चौहान, चैंपियन मार्शल आर्ट एकेडमी के सचिव नेमीचंद साहू, योगेश कुर्रे, हर्ष देवांगन, महेश राजपूत, शुभ संकल्प, प्रवीण मोहले, ओम कोरिया, मोहन वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। स्कूल विभाग जिला कराते संघ और चैंपियन मार्सलार्ट के नेतृत्व में प्रतिस्पर्धा सफलता के साथ संपन्न हुई। उक्त प्रतिस्पर्धा के दौरान विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी शरद पंसारी, क्रीडा शिक्षक तरुण सेन, नेहा पटेल, चंद्रकांत बांगडे, लोक सिंह दीवान और कॉलेज के खेल परिसर से सिब्बू मानिकपुरी उपस्थित थे। अतिथि के रूप में कोमल शर्मा, अरुण (बंटी) छाबड़ा मौजूद थे।

भीम आर्मी प्रदेश में निकालेगी सामाजिक न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भीम आर्मी एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह शुक्रवार को विकासखंड कसडोल के ग्राम मड़वा पहुंचे। जहां भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान बाबा साहब डॉ.अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्या अर्पण करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा सतनामी समाज के लोगों को निर्दोषों को सत्ता सरकार की गलत उपयोग करते हुए जेल में डाला जा रहा है।

- राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन विकासखंड के ग्राम मड़वा पहुंचे

अभी तक 200 से ज्यादा लोगों को जेल में डाला जा चुका है। वही अभी भी गिरफ्तारी जारी है। इसे लेकर भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने ग्राम मड़वा से गिरौदपुरी तक पैदल चलकर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम गिरौदपुरी को ज्ञापन सौंपा। वहीं समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गिरौदपुरी के अमर गुफा में जिस तरह जैतखाम को मनुवादियों ने तोड़ा उस पर सतनामी समाज के लोग सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। सरकार ने उनकी बात नहीं सुनी जिस पर 10 जून को आंदोलन किया गया। वहीं कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में आगजनी की घटना को अंजाम दिया, जिस पर पुलिस लगातार निर्दोषों को जेल में डाला जा रहा है। हम संवैधानिक लड़ाई लड़ने जा रहे हैं। यह यात्रा पूरे 15 दिवस तक छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में सामाजिक न्याय यात्रा निकाली जाएगी। 17 अगस्त को जिला सारंगढ़, धमतरी, राजनांदगांव, मनेन्द्रगढ़, 18 अगस्त को रायगढ़, जिला गरियाबंद, जिला कबीरधाम, जिला कोरिया, 20 अगस्त शक्ति, बालोद, जिला खैरागढ़, बलरामपुर और 22 अगस्त को मुंगेली, महासमुंद, जांजगीर- चांपा, कोरबा, मानपुर, बेमेतरा, सूरजपुर, जयपुर सहित समाजिक न्याय यात्रा की समापन 31 अगस्त को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र से भी भीम आर्मी के कार्यकर्ता पहुंचेंगे। उसके लिए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से आने वाले सतनामी समाज और भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को रोटी लेकर पहुंचने की अपील की।

कोलकाता की घटना पर डॉक्टर हुए एकजुट

बलौदाबजार। कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना के विरोध में बलौदा बाजार जिले के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। साथ ही उनसे स्थानीय मुदे पर चर्चा की। सौंपे गये ज्ञापन में कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा करते हुए इस घटना की त्वरित एवं निस्पक्ष जांच व दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। इस घटना के बाद बलौदाबाजार जिले में स्थापित नर्सिंग होम की सत्त पुलिस की निरीक्षण करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने डाक्टरों से सभी क्लिनिक और अस्पताल में पुलिस कंट्रोल रूम और थानों का नंबर प्रदर्शित करने की बात कही। अब आईएमए के सदस्य घटना के विरोध में प्राइवेट अस्पताल और क्लिनिक के ओपीडी 17 अगस्त को एक दिन के लिए बंद करेंगे, जबकि सरकारी अस्पताल में एक घंटे के लिए ओपीडी बंद रहेगी। सीएमएचओ और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश अवस्थी ने कहा कि दुखद घटना कोलकाता में हुई है, इसे लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। महिला डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ने कहा कि डॉक्टर के सुरक्षा के लिए कानून पारित होना चाहिए। इस अवसर पर जिले भर से डाक्टर उपस्थित थे।

- घटना की निष्पक्ष जांच व त्वरित कार्रवाई को लेकर राज्यपाल के नाम एसपी को सौंपा

पेज 9 के शेष

हमें गांधीजी के...

रितेश भोंगड़े, अभिषेक चौहान, आशीष माहेश्वरी, चेतन कपाही, शैलेंद्र राठौड़, सुनील जोशी, अशोक कुमार, धर्मेंद्र कुमार सिंह, गोविंद सहाय, अशोक वर्मा, अनादि मिश्रा, गजेंद्र सिंह रघुवंशी, मयंक नुवाल, संजीव द्विवेदी, अभिनव भारद्वाज, प्रियेश चौबे, भाबातोश दास आदि उपस्थित थे।

समारोह में कर्मचारियों, बांगड़ पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्रओं द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसके लिए उन्हें मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं लेडीज क्लब की प्रमुख रितु श्रीवास्तव के कर–कमलों से पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर संस्थान के स्टेट हेड कॉर्पोरेट अफेयर प्रमोद द्विवेदी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों यूनियन पदाधिकारियों, लेडीज क्लब एवं बांगड़ पब्लिक स्कूल के बच्चों को कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया।

स्वतंत्रता दिवस पर...

को पूर्व विधायक द्वारा क्रमशः 3100-2100 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले पीयूष कुमार साहू एवं त्रिदेव घृतलहरे को समिति के अध्यक्ष गंगाप्रसाद साहू द्वारा 1100-1100 रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर से प्रत्येक वर्ग से रामायण की टोली बनाने के लिए प्रेरित किया तथा प्रत्येक टोली को 2000-2000 रुपए तथा उनके प्रशिक्षकों को 1000-1000 रुपए देने की घोषणा की।कार्यक्रम में संचालन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, अभिभावकगण उपस्थित थे।

अंधे कत्ल की ...

मृतिका जानकी बाई की हत्या करना स्वीकारते हुए बताया कि मृतका से चले आ रहे पूर्व विवाद पर बदला लेने की नियत से वह ताक में बैठा था। घटना के दिन उसके पति, बहू, बेटे के बाहर खेत तरफ जाते देख आरोपी मृतिका के घर दाखिल हुआ एवं आरोपी द्वारा मृतिका के गले में साड़ी को कसकर उसे मारने का प्रयास किया, फिर मृतिका के सिर को कोठना के पत्थर में पटककर चोंट पहुंचाया।

मजदूर चौक में लक्ष्मी साहू ने किया ध्वजारोहण

बलौदाबाजार। मंडी रोड स्थित मजदूर चौक में पूर्व पार्षद व साहू समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सम्मान पूर्वक राष्ट्रगान करते हुये भारत माता का जयघोष किया गया। आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में उमेश बाजपेई, अमन तिवारी, संयोजक गुरुदत्त तिवारी, संतोष साहू, राजेश मिश्रा, घनश्याम साहू, रामलाल फेकर, गोलू, भरत यादव, हीरामणि चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, कंगलु राम साहू, सौरभ साहू, मुन्ना भैया, किशन सहित आसपास के व्यापारी उपस्थित थे।

सब्जी मंडी में नन्दकुमार ने फहराया झंडा

बलौदाबाजार। स्वतंत्रता दिवस पर स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सब्जी मंडी में ध्वजारोहण का कार्यक्रम सब्जी व्यापारी संघ द्वारा आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व नपाध्यक्ष नन्द कुमार साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता की शुभकामनाएं देते हुए भारत के स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों को बलिदान करने वाले शहीदों को नमन किया।



राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

गौठान बंद, सड़क पर बेमौत मर रहे मवेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

जिले में खुले में घूम रहें आवारा मवेशियों की सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर विधायक संदीप साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ता ब्लॉक कां ग्र ` स कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे। इस दौरान भाजपा सरकार की विफलता को आड़े हाथों लेते हुये राज्यपाल के नाम तहसीलदार विवेक पटेल को ज्ञापन सौंपा। विधायक संदीप साहू ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा गोधन न्याय योजना बंद करने से खुले में घुम रहें मवेशियों के कारण किसानों को कॉफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने गौवंशीय पशुओं को सड़क पर बेमौत मरने के लिए छोड़ दिया है। प्रदेशभर में हो रही गायों की मौत तथा खुले मवेशियों के कारण सड़कों में बढ़ रही दुर्घटनाएं प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है, जहां किसान खुली चराई से परेशान है। वहीं भाजपा सरकार गाय-भैसों के साथ जनता को सड़कों पर बेमौत मरने के लिए मजबूर कर रही है। इधर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने चेताया कि घटनाओं पर सरकार तत्काल रोक लगाए, साथ ही गौधन की सुरक्षा व्यवस्था करवाने आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, नहीं तो कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी समय में उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। वहीं तहसीलदार विवेक पटेल ने कहा कि ज्ञापन सौंपा गया है, अग्रिम कार्रवाई के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा।

- विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा, हम बुलबुले हैं इसके, ये गुलिस्तान हमारा
15 AUGUST INDEPENDENCE DAY

मयंक अग्रवाल वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार,
अक्षय दिनकर भोंसले, गोविंद सिंह, उपवनमण्डल अधिकारी बलौदाबाजार,
सुनीत साहू परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान,
सुनील खोबरागड़े परिक्षेत्र अधिकारी बारनवापारा,
जीवन लाल साहू परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी,
पुष्पेंद्र साहू परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर, परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी,
अनिल वर्मा परिक्षेत्र अधिकारी लवन वनमण्डल, बलौदाबाजार,
जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की कोटिशः शुभकामनाएं
संदीप साहू
विधायक, कसडोल
सुनील कूर्रे
ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी पलारी
गुरुदयाल यादव
ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी लवन
दयाराम वर्मा
ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी कसडोल
विनीत : समस्त कार्यकर्ता गण कसडोल विधानसभा

समस्त क्षेत्रवासियो को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा, हम बुलबुले हैं इसके, ये गुलिस्तान हमारा
Aadya Hospital
सेवा · संकल्प · समर्पण
AADYA HOSPITAL
सेवा संकल्प समर्पण

डॉ. आर.एस. जोशी
MBBS, DMRD
कंसलटेंट रेडियोलॉजिस्ट
डॉ. सुरेन्द्र दिव्यकार
MBBS, MS (Surgery)
डॉ. नीता दिव्यकार
BAMS, CGO (Obs&Gynae)
महिला चिकित्सक

उपलब्ध सुविधाएं-
- इमरजेंसी, ट्रामा, फ्रैक्चर
- जनरल सर्जरी
- सोनोग्राफी व डॉप्लर
- नेत्र रोग जांच व चश्मा घर
- मेडिकल स्टोर
- इको कॉर्डियोग्राफी
- आई.सी.यू. केयर
- 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
- स्त्री रोग जाँच एवं प्रस्तुति
- डिजिटल एक्स-रे
- पैथोलॉजी की सुविधा
- शिशुरोग जांच, उपचार व टीकाकरण
- पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड
- जनरल-प्राइवेट वार्ड

पता- छरछेद रोड, कसडोल, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.)
e-mail: aadyahospitalkasdol@gmail.com, Mob.- 8602881024, 8817459876, 8602881712

समस्त क्षेत्रवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

बिना शिक्षा का जीवन ऐसा,
बिना पंख का पक्षी जैसा
ज्ञान राशि हो ऐसा मोती,
जिसके आगे फीका पैसा
पढ़ी लिखी बस्ती में जाओ,
लोकतंत्र मजबूत बनाओ,
शिक्षा का अधिकार तुम्हारा,
स्कूल में बच्चों नाम लिखाओ

जल बचाए अपना जीवन बचाये
जल की हर बूंद है अनमोल, समझो इसका मोल
पिये हमेशा शुद्ध जल, रहो स्वस्थ हर पल।।

पर्यावरण का रखे ध्यान,
तभी देश बनेगा महान।
प्रकृति का न करे हरण,
आओ बचाये पर्यावरण।।

विनीत
कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग कसडोल
अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
कसडोल जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

15th of August
वंदे मातरम्
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

आओ झुक कर सलाम करे उनको, जिनके हिस्से मे ये मुकाम आता है,
खुशनसीब होता है वो खून, जो देश के काम आता है।
न पूछो जमाने को, क्या हमारी कहानी है
हमारी पहचान तो सिर्फ ये हैं की हम सिर्फ हिंदुस्तानी हैं!

नवीन मिश्रा
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र. 15 (कसडोल)
सभापति-स्वच्छता समिति जिला पंचायत बलौदाबाजार
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

खबर संक्षेप

भारतीय मानक ब्यूरो के प्रशिक्षण में शामिल हुए जितेंद्र तथा बीआर मिरी

पवनी। भारतीय मानक ब्यूरो एवं सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ प्लास्टिक एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी द्वारा रायपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय पवनी के जितेंद्र चौधरी एवं बीआर मिरी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशाला में सम्मिलित होकर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा विभिन्न प्रकार के मानकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की है एवं स्टैंडर्ड क्लब सदस्य के रूप में नामांकित किया। मानक ब्यूरो के अधिकारियों ने मानको के बारे में जानकारी दी एवं इसे छात्राओं तक पहुंचाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया और सीपेट के अधिकारियों द्वारा बच्चों के भविष्य के लिए विभिन्न प्रकार की डिप्लोमा एवं डिग्री की जानकारी दी गई है। आने वाले समय में जिले के छात्र–छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार के रोजगार उन्मुख कार्यक्रम कार्यशाला प्रस्तावित होंगे।

बिहान समूह ने आयोजित किया स्वच्छता अभियान

खरोरा। ग्राम भरुवाडीह कला के स्व सहायता बिहान समूह के सदस्यों द्वारा गांव में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। समूह के अध्यक्ष दुर्गा वर्मा, उपाध्यक्ष सरस्वती निषाद व सचिव मीना वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि हमारे समूह द्वारा समय–समय पर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। इसमें समूह के सभी सदस्यों द्वारा नालियों की सफाई एवं पौधारोपण आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में आज हमारे गांव की नालियों की साफ–सफाई की गई। इस अवसर पर समूह के सदस्य पुष्पा बंजारे, ममता, चंद्रकली निषाद, प्यारी निषाद एवं बलराम वर्मा उत्साह के साथ सहयोग किये। उक्त जानकारी ग्राम के शिक्षक धीरेंद्र वर्मा ने दी।

निधन

प्रभाकर मिश्रा

कसडोल। प्रभाकर पिता स्व. रामलाल मिश्रा ग्राम मोहतरा का निधन हो गया। उनका दाह-संस्कार 16 अगस्त को पैतृक ग्राम मोहतरा में सम्पन्न हुआ। वह अपने पीछे बड़े भाई उमेश, पत्नी तथा बिटिया अंकिता (मीतू) को छोड़ गये। दाह-संस्कार में परिजन के अलावा ग्रामीण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

खुले में घूम रहे मवेशी, बढ़ीं सड़क दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



प्रदेश में गोधन न्याय योजना को बंद करने के खिलाफ पशुओं की सड़क पर हो रही मौतों के खिलाफ गौ माता के सम्मान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा द्वारा विधायक इंद्र साव की उपस्थिति में गौ सत्याग्रह किया गया। इसके तहत खुले में घूम रहे मवेशी पशुओं को साथ लेकर तहसील कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में रोड में घूम रहे मवेशियों को एसडीएम कार्यालय भाटापारा तक ले जाकर बाहर घूम रहें मवेशियों का संरक्षण नहीं किये जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुये उचित व्यवस्था कराने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

विधायक इंद्र साव ने भाजपा सरकार को कोसते हुए कहा कि जो पार्टी गाय और गौ माता के नाम पर राजनीति करती है, वही पार्टी आज गोधन न्याय योजना को बंद कर दी है, जिस वजह से हजारों गाय रोड दुर्घटना में मारे जा रहे हैं। साथ-साथ आम जनता भी आए दिन सड़क दुर्घटना के शिकार होकर अपनी जान गवा रहे हैं। सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बने महज 7 महीना पूर्ण नहीं हुआ, कानून व्यवस्था पूरे तरीके से चरमरा गई है। आम जनता न्याय के लिए भटक रही हैं, तानाशाही शासन चल रहा है। अधिकारी कर्मचारी सब अपने में मस्त हैं।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण यादव वरिष्ठ कांग्रेसी ईश्वर सिंह ठाकुर,पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस गौरी भृगु, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष आशा ध्रुव, कांग्रेसी नेता राधेश्याम शर्मा, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री देवनारायण बांधे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष अमर मांडवी जिला सचिव मनहरण वर्मा, नगर पालिका सभापति सीरिज जांगड़े सुशील सबलानी, रोहित साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी मनोहर सेन, संतोष सोनी, पूर्व पार्षद नानू सोनी, विधायक प्रतिनिधि दिवाकर मिश्रा, जीतू शर्मा,अयूब बांठिया, रेवा चंद परप्यानी, शहर महामंत्री मुकेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र अहिरवार, विक्की ठाकुर, पुनीत मानिकपुरी, गिरीश परप्याणी, नंदू साहू, रामनारायण साहू, सुंदर साहू कुलेश्वर साहू, रवि ध्रुव, विजय निषाद, पवन यदु, मनहरण साहू शनि घोंसले, नरेंद्र यादव, हेमंत वर्मा, सत्यजीत शेंडे, मुकेश हेवांर, किशन निर्मलकर, शेषनारायण यदु, कुंजराम साहू, शरीफ खान, प्रेम साहू ,पिंटू रजक, कल्लू जोशी, ईश्वर सेन आदि विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि भारी संख्या में उपस्थित रहे।

शिव भक्तों ने निकाली शाही सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

- बोल बम के जयकारों से गूंज उठा शहर

सर्व हिंदू समाज की तत्वावधान में भव्य कांवर यात्रा पर शाही सवारी निकाली। धर्म एवं आध्यात्म नगरी शबरी धाम शिवरीनारायण से कांशी धाम खरौद में शिव भक्तों ने पंच तत्व पंच अमृत गंगाजल से अभिषेक कर सबके सुख शांति समृद्धि की कामना की। शिव भक्तों ने शाही सवारी उज्जैन महाकाल की तर्ज पर सुसज्जित साज सज्जा वेशभूषा से उत्तरप्रदेश मेरठ, दिल्ली के कलाकारों ने मनमोहक जीवंत झांकी प्रस्तुत की, जिसे देखने नगर सहित आसपास के क्षेत्रवासी की भीड़ उमड़ पड़ी। बोलबम के नारों से, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की तिरंगा ध्वज देश भक्ति और शिव भक्ति की थीम पर यह तीसरा वर्ष सुंदर तैयारी के साथ महानदी की जल भर कर रपटा घाट, केरा चौक,बॉम्बे मार्केट, नटराज चौक, शबरी चौक होते हुए काशी धाम खरौद नगरी पहुंची, जहां पंच तत्व पंच जल गंगाजल अर्पण कर सब की सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस कार्य में हजारों श्रद्धालु ने सहभागिता निभायी। शाही कावर शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ सुसज्जित मूर्ति , भगवान शंकर माता पार्वती और और उनके बाराती भूत पिशाच के रूप में सम्मिलित थे और हजारों की संख्या में शिव भक्त महिला पुरुष युवा सामिल हुए भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर को आकर्षक फूल मालाओं से सजाया गया। भव्य आतिशबाजी की गई।

अरपा पैरी के धार गाना की प्रस्तुति बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में 15 अगस्त धूम–धाम से मनाया। इसमें मुख्य अतिथि सवद्ध राम यादव अध्यक्ष प्रबंधन समिति ने पूजा अर्चना कर तिरंगा झंडा फहराया। इसके बाद राष्ट्रीय गान गाकर सलामी दी और अरपा पैरी के धार गाना की प्रस्तुति दी गई। बारिश होने के कारण प्रभात फेरी नहीं निकाली गई। मंच संचालन आरएल साहू शिक्षक ने किया। मुख्य अतिथि ने आजादी के पूर्व एवं स्वतंत्रता के पश्चात राज्य व देश के स्थिति व परिस्थिति को विस्तार से बताया। डॉ.टेकलाल साहू ने कहा हम सभी को देश में एकता बनाए रखने की बात कही। डी.आर.टंडन ने कहा, जिन महानपुरुषों ने देश को आजाद करवाया उन्होंने अपना खून बहाया। तब हम आजादी की जिंदगी जी रहे हैं। समिति के सदस्य नारायण प्रसाद साहू ने देश के पहेली शिक्षका सावित्री बाई फूले के जीवन संघर्ष को विस्तार से बतलाया। एसएल पटेल प्राचार्य ने कहा कि यह विद्यालय विकास की ओर आगे बढ़ा है। उन्होंने प्रबंधन समिति की भूमिका पर प्रकाश डाला और विद्यालय के कक्षा 10, 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम को बतलाते हुए खुशी जाहिर की और आगामी सत्र में बोर्ड कक्षा के परिणाम को और बेहतर देने की बात कही। भिषम साहू विधायक प्रतिनिधि ने साइकिल स्टैंड पार्किंग निर्माण की घोषणा की। डी.ए. व्ही. मुख्य मंत्री पब्लिक स्कूल में झंडा दुबे प्रसाद यादव ने फहराया। प्राथमिक शाला में खगेश जाटवर ने फहराया। कृषि साख समिति एवं शासकीय प्राथमिक शाला गोपालपुर में रामनाथ साहू ने ध्वज फहराया, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में केसरवानी ने झंडा फहराया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य एवं शिक्षक, शिक्षिका, स्टाफ मौजूद रहा।

झमाझम बारिश के बीच फहराया गया झंडा

गिधौरी। आजादी का 78वां वर्ष पूर्णता पर अमर शहीदों को स्मरण करते हुये मनाया गया। स्वंतत्रता दिवस पर राष्ट्रीय तिरंगे झडों का रोहण नगर टुण्डरा में झमाझम बारिश के साथ तहसील कार्यालय, नगर पंचायत, सभी शासकीय निजी स्कूलों, प्राथमिक सहकारी समिति, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, सरस्वती शिशुमंदिर, अम्बेडकर चौक, एच पी गैस एजेन्सी आदि स्थानों पर नामित मुख्य अतिथियों के हाथों किया गया। बारिश के दौरान भी निर्धारित समय पर झंडा रोहण कर लिया गया। स्कूलों में बच्चों का सांस्कृतिक आयोजन भी कराया गया। सहकारी समिति में किसानों की भारी भीड़ देखने को मिली। विभिन्न स्थलों में झंडा रोहण नामित अतिथियों के हाथों एवं संस्था प्रमुखों द्वारा किया गया। इसमें तहसील कार्यालय में तहसीलदार कुर्रे, नगर पंचायत, शासकीय कन्या स्कूल, डॉ. अब्दूल कलाम स्कूल में नगर अध्यक्ष मोती साहू द्वारा झंडा फहराया गया। शासकीय हाईस्कूल में बलौदाबाजार जिला प्रभारी मंत्री द्वारा नामित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतोष सोनी, प्राथमिक सहकारी समिति में रामप्रसाद साहू, जिला सहकारी बैंक में छतराम साहू मंडल अध्यक्ष टुण्डरा, सरस्वती शिशु मंदिर में गायित्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ केशरवानी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मुख्य नगरपंचायत अधिकारी अखिलेश भारद्वाज, इंजीनियर आशीष अग्रवाल, एफ आर पटेल प्र.प्राचार्य, जे आर बारले, एमडी मानिकपुरी प्रधान पाठक, पुलस्ते घृतलहरे, सतीश साहू, घनश्याम बारले, भुवाला साहू, मनराखन साहू, कुमार बारले, शिवप्रसाद साहू, टीकाराम साहू, दामोदर कर्ष, दामोदर साहू, गंगाराम साहू, द्वारिका एवं स्टाफ सहित भारी संख्या में नगरवासी शामिल थे।

लोकतंत्र में प्रिंट मीडिया का है सबसे बड़ा योगदान

भाटापारा। स्वतंत्रता दिवस पर प्रेस क्लब कार्यालय सुभाष बाजार में झंडोत्तोलन एवं प्रेस क्लब के जीर्णोद्धार पश्चात लोकार्पण प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने किया। इस अवसर उन्होंने देश के चौथे स्तंभ के रुप में प्रिंट मीडिया के महत्व को बताते हुये कहा कि देश की आजादी की शुरुआत से ही कलम की सियाही में वह ताकत रही है, जो शासन प्रशासन व जनता के बीच प्रभाव पूर्ण तरीकें से कायम रहते हुये बीच में सेतु की भूमिका अदा करती है। प्रिन्ट मीडिया का अस्तित्व व विश्वास आज भी जनता के बीच कायम है। प्रिंट मीडिया से जुड़ी खबरों को आम जनता बारीकी से पढ़कर उनका अवलोकन व विश्लेषण करती है। छपी खबर का प्रभाव यह रहता है कि व शासन प्रशासन कि छवि को भी जनता के बीच निष्पक्षता व साहस के साथ रखता है, जिसका उदाहरण राजीव गांधी बोफर्स घोटाला शेयर घोटाला आदि है, जो देश के लोकतंत्र व शासन प्रशासन में उथल पुथल मचा दिया था, जिसका प्रभाव आज भी कायम है। उक्त अवसर पर प्रेस क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने नगर में फहराया तिरंगा

भाटापारा। स्वतंत्रा दिवस पर पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने नगर के वृंदावन कालोनी में ध्वजारोहण कर बच्चों के खेलने के लिये गेम्स जोन का उद्घाटन किया। वहीं कांग्रेस भवन, जय स्तंभ, नगर पालिका जैसे प्रमुख जगहों पर आयोजित झंडा रोहण कार्यक्रम सहित दोपहर २ बजे अभिकर्ता संघ के आमंत्रण पर आयोजित दाल, बाटी, चूरमा कार्यक्रम में भी शामिल होकर व्यापारी और अभिकर्ताओं को 15 अगस्त की शुभ कामनाएं दी।

सहकारी समिति सैहा में शान से लहराया तिरंगा ...

पलारी । प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सैहा पंजीयन क्रमांक- 322 में मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन लाल जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। साथ ही समिति प्रबंधक जगदीश प्रसाद लहरी तथा गणमान्य नागरिक चैतूराम वर्मा, नरेश वर्मा, लहाराम वर्मा–पूर्व अध्यक्ष, तिलक राम वर्मा –पूर्व अध्यक्ष, आश्रित ग्राम के कृषक बंधु एवं समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

सशिमं में लहराया तिरंगा

हिरमी-रावन। मोहरा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में स्वंतत्रता दिवस पर समिति अध्यक्ष शिव कटारिया द्वारा ध्वज फहराया गया। समिति के सदस्यों के बीच प्राचार्या सुनीता यादव, मुस्कान सेन, आकांक्षा वर्मा, हेमलता यादव, रेणुका महिलांग एवं छात्र–छात्रों की उपस्थिति में शासन की गाइड लाइन का पालन करते हुए तिरंगा झंडा फहराया गया। इस बीच उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारत वर्ष में आजादी का अमृत महोत्सव उल्लास पूर्वक मनाया जा रहा हैं। हम सभी भारतवासीयों को गर्व है। उन्होंने देश को किस प्रकार आजादी दिलायी, देश के प्रति शहीद हुए जवानों, क्रांतिकारियों, वीरांगनाओं ने जो देश के प्रति कार्य करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया एवं महान देशभक्तों की जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।